श्री रणजीत सिंहः स्पीकर सर, अभी मंत्री महोदयन ने सवाल के जवाब में बताया है कि किसानो को ि ाक्षित करेगे कि ऐसी फसले उगाएं जिनमें पानी कम खर्च होता है। अध्यक्ष महोदय, मै समझता हूं कि नई साईंस एण्ड टैक्नोलोजी से जो खेती हो रही है उसमें ज्यादा पानी इस्तेमाल हो रहा है क्योंकि हर फसल को 6–6 या 7–7पानी लग रहे है। मै माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि पानी के लेवल को ऊपर लाने के लिए सरकार क्या बंदोबस्त कर रही है? सरकार के क्या साधन या मीडिया है और क्या हरियाणा सरकार इसके लिए सैण्ट्रल गवर्नमैंट की किसी एजैंसी से भी मदद ले रही है?

Mr. Speaker: Question Hour is over.

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए

तारांकित प्र नो के लिखित उत्तर

Buses allotted tocach depot in the State

***1052. Shri Sita RamSingla:** Will the Minister of State for Transport be pleasd tostate the number of buses allotted to each depot, separately, during the last year?

परिवहन राज्य मंत्री (श्री धर्मबीर सिंह): वर्श 1988–89 में डिपो वाईज निम्न प्रकार से बसे अलौट की गई:–

क्रम संख्या	डिपो का नाम	वर्श 19'88–89 में जो बसे अलौट की गई
1	2	3
टाटा		
1	सोनीपत	52
2	यमुनानगर	42
3	चण्डीगढ	48
4	करनाल	47
5	जीन्द	37
6	कैथल	27
7	अम्बाला	38

लेलैण्ड		
8	गुडगांव	26
9	फरीदाबाद	20
10	भिवानी	39
11	दिल्ली	18
12	हिसार	26
13	सिरसा	35
14	रेवाडी	30
15	रोहतक	36
16	फतेहाबाद	11
	कुल जोड	532

Botanica Garden

***1079 Seth Lachman Dass Bajaj:** Will the Chief Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to setup a Bonatical Garden at Karnal; and

(b) if so, the time by which aforesaid proposal is likely to be materialized?

मुख्य मंत्री (चौधरी औम प्रका ा चौटाला):

(क) नही

(ख) प्र न ही उत्पन्न नही होता।

Water Supply scheme for Rewari

***1087. Capt. Ajay Singh Yadav:** Will the Ministerfor P.W.D.(Public Health) be pleased to state-

(a) whether there is any scheme under consideration of the Government for supplying drinking water through canals in Rewari town; and

(b) if so, the time by which the scheme, as referred to in part(a) above, is likely to be finalized?

जन स्वास्थय मंत्री (श्री महा सिंह):

(क) जी हां।

(ख) इस स्कीम के लिए 347.00 लाख रुपए की प्र ाासकीय स्वीकृती हरियाणा राज्य सफाई बोर्ड ने अपने प्रस्ताव कमांक 30 दिनांक 8.8.89 द्वारा प्रदान कर दी है।

Selling of Panchayat Land

***1085 Shri Yogesh Chand Sharma:** Will the Minister for Education be pleased to state-

(a) whether any land of Panchayats in the State has been sold by the Government during the period from 1st June,

1987 to-date, if so, the village-wise and year wise details thereof; and

(b) the names of the person to whom the land as referred to in part (a) above has been sold?

ि ाक्षा तथा विकास मंत्री (श्री हुकम सिंह):

(क) सरकार द्वारा पंचायत की कोई भूमि 1 जून, 1987 से अब तक की अवधि में नही बेची गई है तथा

(ख) प्र न ही उत्पन्न नही होता।

Plying of buses by other States in Haryana Territory

***1076. Shri Parma Nand:** Will the Minister of State for Transport be pleased to state-

(a) whether any private transport companies registered in neighbouring State ply their buses in the territories of Haryana State; if so, the names and routes of said companies;

(b) the total number of kilometers permitted to be covered by such buses within the territory of Haryana during the years 1985-86, 1986-87, 1987-88, 1988-89 and 1989-90; and

(c) the total amount of passangers tax paid by each of the aforesaid bus operators during the period as referred to in part (b) above, year wise, separately?

Interim reply

अ0स0 पत्र क्रमांक 25 MR-90

राज्य मंत्री,

परिवहन विभाग हरियाणा,

चण्डीगढ।

दिनांक : मार्च 13, 1990

Sub:- Reply to starred Assembly Question No. 1076 by Shri Parma Nand, M.L.A.

Respected Chatha Sahib,

The reply to the Starred Assembly Question No. 1076 from Shri Parma Nand M.L.A is due on the 15th March, 1990. The reply to the question involves obtaining information of Private Transport Companies registered in the neighbouring States for 4 years starting from the year 1985. The State of Haryana has interstate Transprt Agreement with the neighbouring States of Punjab, Rajasthan, Himachal, U.P., Dehi and Madhya Pradesh. In most of the State passenger Transprt is not fully nationalized. For answering part (c) of the question, informationhas to be collected from the Excise and Taxation Department, It will take sometime to collect the required information. I would, therefore, request you to kindly grant an extension of 3 weeks for furnishing the reply to this question.

With regards,

Yours Sincerely,

Sd/-

(DHARAMBIR)

Shri H.S. Chatha,

Hon'ble Speaker

Vidhan Sabha, Haryana

विभिन्न विशयों का उठाया जाना

श्री राम विलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, मैने एक काल अटैन ान मो ान आपकी सेवा में दी थी कि हरियाणा में प्रौढ ि ाक्षा बन्द कर दी गई है जिसके कारण हजारो लोग बेकार हो गये है। वे 15–15 साल से लगे हुए थे। वे दो सौ और तीन सौ रुपये महीने पर काम कर रहे थे। 15 साल के बाद एकदमसे यह योजना बन्द कर दी गई है। लगभग चार हजार नौजवान बेकार हो गये है।

Mr. Speaker: I have received it and it is under consideration.

श्री राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, वैसे तो आपको अधिकार है और सरकार भी इस संबंध में में विचार कर रही है। अच्छा हो अगर वह कलिंग अटैन ान मो ान आज ही लग जाये। (ाोर एवं विघ्न्)

श्री बनारसी दास गुप्ताः स्पीकर साहब, यहां हाउस में पानी के स्तर को उठाने की भी बात कही गई, पंजाबी विरोधी पर्चे

बांटने की बात भी यहां सुनी गई लेकिन वाल्मीकियो के विशय में अव्वल तो कोई आवाज उठाता नही, अगर उठाता है तो उसे दबाया जाता है। स्पीकर साहब, नीलाखेडी के अन्दर 15 कनाल 10 मरले जमीन थी यानी वह दो एकड के करीब बनती है। आधी जमीन में रविदासियों का कब्जा था और आधी जमीन पर वाल्मीकियो का मंदिर और धर्म ाला बनी हुई थी।

श्री अध्यक्षः आप अपनी सीट पर से बोले।

श्री बनारसी दास गुप्ताः मै अपनी सीट पर से ही बोल रहा हूं (ाोर एवं व्यवधान) स्पीकर साहब, मै कह रहा था कि आधी जमीन पर वाल्मीकियो का मंदिर और धर्म ाला थी लेकिन श्री किरपा राम पूनिया जो इस सरकार में उद्योग मंत्री थे, उन्होने डी0 सी0 भोरिया से मिल कर वाल्मीकियो पर कुठाराघात किया। उनसे कब्जा छुडाया (ाोर)

Mr. Speaker: Mr. Banarasi Dass, no no please take your sea. This is not the way.

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, हमारे रुल्ज औफ प्रोसीजर एण्ड कन्डक्ट औफ बिजनेस की किताब में सदन का संचालन करने के बारे में रुल्ज दिये हुए है। स्पीकर साहब, उस पुस्तिका में यह प्रावधान है कि इस सदन का सदस्य समय समय पर सरकार का ध्यान महत्वपूर्ण विशयो पर आकर्शित कर सकता है। तारांकित प्र न, अतारांकित प्र न, काल अटैन ान मो ान, ऐडजर्नमैंट मो ान और प्रिविलेज मो ान आदि के बारे में इस

किताब में व्यवस्था है। स्पीकर साहब, आप मुझे माफ करेंगे, कल मेरे साथी ने एक बडे महत्वपूर्ण विशय की ओर सदन का ध्यान आपके माध्यम से आकर्शित करना चाहा था और आज सुबह मैने भी एक नोटिस दिया है जो आपके पास पहूंच गया होगा। मैन उसमें कहा है कि एक ऐसा घिनौना पोस्टर सारे प्रदे ा में जान–बूझ कर बांटा गया। इस पर सवाल भी अपके सचिवालय में आया हुआ है। मेरे मित्र ने उस सवाल के जो जवाब दिये है वे कुछ इवेसिव दिये है। स्पीकर साहब, यह बडा सीरियस मैटर है। इसका कुछ आधार जरुर है।

Mr. Speaker: No reply has been evasive.

Dr. Mangal Sein: Sir it is is very serious matter.

Mr Speaker: The matter is very serious, no doubt about it.

Dr. Mangal Sein: He has charged a very responsible man. मै समझता हूं कि वह रिस्पोंसिबल रहा है, आज है या नही, यह मुझे पता नही।

Mr. Speaker: He is very responsible today also.

Dr Mangal Sein: Therefore, Sir, since he is a responsible man and is not present in this House. It is another matter that she never cares to attend. However, Sir, I honour the observations made by the presiding officers from time to time that one member should not ask a question or say anything against a person who is not present in the House.

Following the well sestablished tradition, my humble submission is this that these provisions are simply there to give some relief to the members. But, Sir, it is a burning topc of the State. और समाज का एक सैक ान अननससरी हैरासमैंट महसूस कर रहा है। My friend has also rightly said कि आज उन्हे आये हुए 43 साल हो गये है। आज वे यहां की कल्चर, सो ाल लाईफ और पोलिटिकल लाईफ मे बिल्कुल सररस हो गये है। इस हाउस में भी उस सैक ान के कई मैम्बर्ज है। स्पीकर साहब, गवर्नमैंट ने जो ऐक ान लिया वह मुझे मालूम है और मुख्य मंत्री जी की स्टेटमैंट भी मुझे याद है। उन्होने जो वारन किया था कि किसी को ऐसा करने की इजाजत नही दी जायेगी वह ठीक है लेकिन इन्होने जो बात कही वह अगर और अच्छी तरह से यहां आ जाती और उस पर मुकदमा दर्ज हो जाता तो ठीक था। इसलिए मैने आपकी सेवा में काल अटैन्ा ान मो ान भेजी है। Speaker Sir, please admit it and ask my friend the Hon'ble Home Minister to make a statement thereon.

Mr. Speaker: Doctor Sahib, I have received your calling attention notice and that is under consideration.

Dr. Mangal Sein: You kindly admit it so that I may get a chance to ask supplementary on the statement made on it.

श्री अध्यक्षः स्पलीमैंट्री तो आपनै आज बहुत कर लिये है।

डा0 मंगल सैनः आपकी इजाजत से मै और भी कर सकता हूं।

Mr. Speaker: Yes yes, you can.

श्री सूरज भानः स्पीकर साहब, गलती से आज के कुछ अखबारो में यह छपा है कि बी0 जे0 पी.0 के श्री पी0 के0 चौधरी ने भी कल हाउस से वाक आउट किया है। टू कीप दि रिकार्ड स्ट्रेट, मै यह बताना चाहता हू कि उन्होने कल वाक–आउट नही किया। मैने उनसे कन्फर्म किया है। वह तो वैसे ही उठकर गये थे। रिकार्ड स्ट्रेट रहे, इसलिए मैने यह कहा है।

Dr. Mangal Sein: Speaker Sir, to keep the record straight it is very essential that this thing should be brought to your notice. Because what happens, if anybody goes for toilet, it is doubted by the press that he is staging a walk out. प्रैस वालो को यह बात बुरी नही लगनी चाहिये। जो भाई वैसी ही पे ााब करने गया हो, या किसी काम से गया हो, उसको वाक–आउट समझ ले यह ठीक नही। ऐसा नही होना चाहिए। मै डायबैटिक हूं। मुझे बार बार टायलैट के लिए उधर जाना पडता है। No body should doubt that I am walking out. I might be simply going for toilet, that's all.

Mr. Speaker: Dr Sahib, your point has come. Please take your seat.

श्री जय सिंह राणाः स्पीकर साहब, मेरा भी एक कालिंग अटैं ान मो ान था.....

Mr. Speaker: That is under consideration.

ध्यानाकर्शण प्रस्ताव–

भााहबाद सहकारी चीनी मिल द्वारा प्रयोग किए गए पानी की निकासी के कारण फसलो के नश्ट होने संबंधी

Mr Speaker: Hon'ble members I have received a notice of Calling Attention Motion No. 9 from Shri Harnam Singh M.L.A regarding the crops damaged due to discharge of used water by Co-Operative Sugar mills,Shahabad. I admit it. आज श्री हरनाम सिंह अपना नोटिस पढ दें ओर उसके बाद यदि कंसर्ड मिनिस्टर साहब स्टेटमैट देना चाहे तो दे दें।

श्री हरनाम सिंहः स्पीकर साहब, मै इस महान सदन का ध्यान एक अत्याव यक लोक महत्व के विशय की ओर दिलाना चाहता हूं कि भााहबाद सहकारी चीनी मिल से निकलने वाला प्रयोग किया हुआ पानी निकास के पर्याप्त प्रबन्ध न होने के कारण, त्योडा, बकाना, ारीफगढ के खेतो में भर गया है। किसानो में भारी बेचैनी हैं। यदि चीनी मिल के पानी से फसल को बचाने के लिए तुरन्त कार्यवाही नही की गई तो सारी फसल नश्ट हो जायेगी।

अतः मै निवेदन करता हूं कि सरकार फसल को बचाने तथा प्रभाववित किसानो केा राहत देने के लिए तुरंत कार्यवाही करें।

वक्तवय–

सहकारिता राज्य मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्शण प्रस्ताव संबंधी

सहकारिता राज्य मंत्री (श्री धीरपाल सिंह): स्पीकर साहब, भााहबाद सहकारी चीनी मिल, भााहबाद के पानी के निकास का प्रावधान इस मिल की स्थापना के समय ही कर दिया गया था। यह पानी एक बरसाती नाला जिसका नाम बेनतान नाला है, के द्वारा निकास किया जात है। बेनतान नाले में मानसून तथा सर्दियो की भारी वर्शा का पानी भी बहता है। किन्तु गांव छपडी के आगे कुछ किसानो ने इस नाले के बहाव को रोक दिया है और वर्शा का पानी नीचले स्थान पर इकटठा हो जाता है।

2. भााहबाद सहकारी चीनी मिल में फरवरी, 1985 में उत्पादन भाुरु हुआ था। इस मिल के पानी के प्रदूशण को भली–भांति हटाया जाता हैऔर इस पानी का प्रयोग सहकारी चीनी मिल के फार्म की सिंचाई के लिए किया जाता है। किन्तु जो पानी फार्म की सिंचाई के बाद बच जाता है उसे बेनतान नाले में डाला जाता है। केवल इसी अवधि के दौरान ही इस मिल का पानी इस नाले में डाला जाता है। क्योंकि इस पानी के प्रदूशण पर मिल द्वारा भली–भांती काबू पा लिया जाता है, यह फसल के लिए हानिकारक नही है। वास्तव में वहां के किसान बेनतान नाले पर पम्पिक सैट लगाकर इस पानी से अपने खेतो की सिंचाई करते है। बेनतान नाले में इस पानी को डालने के लिए हरियाण राज्य

प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड से 1989–90 के लिए अनुमति भी प्राप्त कर ली गई है।

3. इस वर्श भााहबाद और उसके आस पास के क्षेत्रो में 26और 27 फरवरी को भारी वर्शा हुई। सहकारी चीनी मिल भााहबाद में लगे वर्शा मापक यंत्र के अनुसार इन दो दिनो में 78 मिलीमीटर से अधिक वर्शा रिकार्ड की गई इतनी वर्शा होने के कारण बेनतान नाले में वर्शा का पानी इकटठा हो गया, वि ोशकर उस क्षेत्र में जहां वेनतान नाले को किसानो द्वारा रोक लिया गया है। इस प्रकार यह समस्या अधिक वर्शा के कारण उत्पन्न हुई है न कि सहकारी चीनी मिल के पानी की वजह से जो कि मात्रा में बहुत ही कम है।

4. स्थानीय अधिकारीगण जैसे कि उपायुक्त, कुरुक्षेत्र जो कि सहकारी चीनी मिल के चेयरमैन भी है, सहकारी चीनी मिल के प्रबन्धक निदे ाक तथा ड्रेनेज विभाग के अधिकारियो के ध्यान में यह मामला पहले ही आया हुआ है। माननीय सदस्य श्री हरनाम सिंह जी की उनसे बातचीत हो भी चुकी है। भााहबाद सहकारी चीनी मिल के प्रबन्धक निदे ाक ने उन्हे यह आ वासन दिया है कि यदि चीनी मिल के पानी से किसी खडी फसल को कोई नुकसान हुआ है तो उसक मुआवजा जो कि राजस्व अधिकारियों द्वारा नि चत किया जायेगा, सहकारी चीनी मिल द्वारा प्रभावित किसानो को दिया जायेगा।

श्री हरनाम सिंहः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि पानी से फसलो के डूबने का सवाल इसी साल आया है या हर साल यह सवाल आता है?

श्री धीर पाल सिंहः स्पीकर साहब, इस मिल के पानी को हमारे किसान वर्श 1987–88 और उससे पहले भी खेती के लिए प्रयोग करते रहे है। चूंकि इस साल सर्दी के मौसम में ज्यादा बारि ा हुई और इस कारण आसपास का पानी वहां इकट्ठा हो गया। अध्यक्ष महोदय, मै इस सदन में आ वासन देता हूं कि अगर हमारी मिल के पानी की वजह से किसानो की खेती खराब हुई हैतो जो भी रैवेन्यू डिपार्टमैंट के अधिकारियों द्वारा मुआवजा नि चत किया जाएगा, वह किसानो को दिया जाएगा।

श्री हरनाम सिंहः अध्यक्ष महोदय, अगर का सवाल लागू होता है तो अगर में तो इन्कार भी किया जा सकता है। मै मंत्री जी से यह आ वासन चाहता हूं कि जो पानी किसानो के खेतो में भर गया है, क्या उसको ड्रेन आउट करने के लिए सरकार फौरी तौर पर कोई इंतजाम करेगी?

श्री धीरपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, अगर की जो बात है उस बारे में मै आपके माध्यम से आ वासन दे चुका हूं कि किसान की जो भी खेती मिल के पानी की वजह से खराब हुई है उसका मुआवजा हम देंगे। अगर की कोई बात नही है। अध्यक्ष महोदय, 1985 में यह मिल भाुरु हुई थी और उसी समय से पानी नाले में

डाल दिया जाता था। चकबन्दी से पहले यह नाला कायम था लेकिन कुछ प्रभाव ाली लोगो ने इसको सममतल कर दिया इस कारण उस क्षेत्र में जहां इसको सममतल कर दिया था वहां वर्शा का पानी इकटठा हो गया। वहां के लोग चाहते है कि उस जमीन पर नाले को खोदकर आगे ड्रेन में डाल दिया जाए इसके लिए उन्होने बारबार ड्रेनेज विभाग और डी0 सी0 से कोनटैक्ट किया था।

सदन की मेज पर रखे गए कागज पत्र

श्री अध्यक्षः अब एक मंत्री सदन की मेज पर कागज–पत्र रखेगे।

Home Minister (Prof. Sampat Singh) : Sir, I beg to lay on the Table-

1. The 14th Annual Report for the year 1987-88 of the Haryana Seeds Development Corporation Ltd. as required under Section 619(A)(3) of the Companies Act, 1956.

2. The 15th Annual Report for the year 1988-89 of the Haryana Seeds Development Corporation Ltd. as required under Section 619(A)(3) of the Companies Act, 1956.

वर्श 1990–91 के बजट पर सामान्य चर्चा

श्री अध्यक्षः आनरेबल मैम्बर्ज अब वर्श 1990–91 के बजट पर जनरल डिस्क ान होगी। इस सम्बन्ध में मै एक प्रार्थना करता हूं कि आप टाईम का ध्यान रखे कोई भी मैम्बर दस मिनट

से ज्यादा टाईम लेने का यत्न न करे। दस मिनट में ही बजट के तथा अपनी कांस्टिच्यूएंसी के बारे में अपनी बात कहने का यत्न करें। होता क्या है कि मैम्बर साहिबान पहले ज्यादा टाईम ले लेते है और फिर बाद में दिक्कत आती है।

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, वर्श 1990–91 के बजट अनुमान श्री बनारसी दास गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए है। मै इस विशय में चर्चा करने एवं समर्थन करने के लिए खडा हुआ हूं। अध्यक्ष महोदय, सब से पहले इन्होने राज्य एवं केन्द्र के स्तर पर राजीव लौंगोवाल समझौते के फलस्वरुप जो न्याययुद्ध छिडा और उसके फलस्वरुप जो बदलाव आया उसका जिक्र किया गया है। न्याययुद्ध छिडने के प चात् चौधरी देवी लाल के नेतृत्व में हरियाणा में सरकार बनी। उस न्याययुद्ध ने सारे दे ा में चेतना पैदा क दी। हरियाणा राज्य की बागडौर सम्भालने के बाद चौधरी देवी लाल ने केवल हरियाणा में ही नही बल्कि सारे दे ा में घूम घूम कर जन जागरण का काम किया और उसी के परिणाम स्वरुप आज श्री वि व नाथ प्रताप सिंह भारत के प्रधान मंत्री के रुप में उभर कर दे ा के सामने आए है। अध्यक्ष महोदय, जिस समय न्याययुद्ध चल रहा था उस समय इस दे ाके और प्रदे ा के लोग गोलियों के ि ाकार हो रहे थे और इसी विधान सभा के 21 सदस्यो ने चौधरी देवी लाल के नेतृत्व में विधान सभा के पद को त्याग कर दे ा को एक नया रास्ता दिखाया था। आज फिर इस दे ा में नए सिरे से उन्ही के नेतृत्व में एक आन्दोलन चला और

सारे दे ा में केन्द्र के साथ साथ जनता दल की सरकारे कायम हुई। हमारी सरकार विराजमान होने के बाद सरकार ने कई सराहनीय कदम उठाये है जिससे प्रति व्यक्ति आय बढी है। इस प्रकार प्रति व्यक्ति आय मं 19.33 प्रति ात की वुद्धि हुई है। अध्यक्ष महोदय, इससे आगे मै कहना चाहता हूं कि चालू वर्श का योजना परिव्यय 676 करोड रुपए रखा गया था लेकिन साधनो की कमी के कारण योजना परिव्यय 596.69 करेाड ही रह गया। अध्यक्ष महोदय, जिस वक्त यह योजना बनाई गई थी उस वक्त इस बात का ध्यान दिया जाना चाहिए था कि किस तरह के साधनो को बढाया जा सकता है। बजट स्पीच में उप–मुख्यमंत्री महोदय ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के खातो के अनुसार 1990–91 के अंत में 31 करोड 19 लाख रुपये का घाटा होने की सम्भावना है जबकि वर्श के भ्ाुरु में 19 करोड 33 लाख रुपये का घाटा होने की सम्भावना है। साथ ही उन्होने यह भी बताया कि किस प्रकार से इस घाटे की पूर्ति की जाएगी। इस बार हमारी सरकार ने नये टैक्स नही लगायें है यह बडी अच्छी बात है क्योंकि इस वक्त इसके लिए हालात बेहतर नही है। हालात इस बात की इजाजत नही देते कि जनता के ऊपर नये कर लगाएं जाएं। वैसे नये कर लगाने की आव यकता भी नही है क्योंकि जो टैकस पहले ही लगे हुए है, चाहे बिजली के रेट्स से आमदनी की बात हो, चाहे और दूसरे कर हो, इनके अलावा अगर सरकार करो की चोरी रोक ले तो उसे नये कर लगाने की कोई आव यकता ही नही होगी। करो की चोरी रोकने से ही सरकार को काफी आमदनी हो सकती

है। इसलिए सरकार को यह प्रयत्न करना चाहिए कि करों की चोरी को किस प्रकार रोका जा सकता है। उदाहरण के तौर पर गुप्ता जी आपके केवल भिवानी जिले का अब तक का क्यूमूलेटिव लौस 5 करोड रुपये के लगभग है और इसमें पिछले एक वर्श का घाटा 1 करोड 34 लाख है। इसलिए सरकार को नि चत रुप से इन बातों की ओर गौर करना चाहिए तभी करों की व दूसरी चोरियो को रोका जा सकेगा और इनसे सरकार के ऊपर अतिरिक्त बोझ नही पडेगा। केवल प्र ाासको की गलती के कारण उपभोक्ताओ पर करों के बोझो का और टैक्सो के बोझो का भार नही पडना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, बजट स्पीच में बेरोजगार युवको को भत्ता देने की स्कीम चलाने का भी जिक्र किया गया और इस स्कीम के तहत चालू वर्श में 30 हजार बेरोजगार युवको को यह भत्ता सहायता दी भी गयी है। अगल वर्श में इस योजना के तहत 5 करोड 90 लाख रुपये की धनरा ि ा का खर्च प्रस्तावित किया गया है। यह सरकार का बडा ही सराहनीय कदम है।

अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने वृद्ध लोगो को आत्म–सम्मान व उनकी सुरक्षा हेतु जो वुद्धवस्था पें ान स्कीम चलायी है वह अपने आप में एक बडा ही सराहनीय कदम है और पूरे राश्ट्र में इस स्कीम की बदौलत हरियाणा को एक वि ोश स्थान मिला है। अध्यक्ष महोदय, सरकार ने एक और बडा काम किया है कि अब वृद्ध लोगो को, कचहरियो में, दफ्तरो में अपनी

पैं ान के लिए घूमना नही पडता। अधिकारीगण गांव बांव जाकर लोगो से सम्पर्क बनाकर के लोगो का काम करते है ताकि उन्हे पैं ान लेने के लिए जगह जगह न भटकना पडे। घर बैठे ही लोगो को इस तरह की राहत सरकार के द्वारा दी जा रही है जिके लिए सरकार बधाई की पात्र है। लोग इससे काफी खु ा है। आज मनीआर्डर उनके घर पहुंचते है। मै इस विशय में एक बात कहना चाहता हूं कि आज पैन् ान देने के लिए साल में पांच करोड रुपया मनीआर्डर करवाने पर खर्च किया जाता है। मेरा सुझाव है कि ब्लाक अधिकारी या पंचायत अधिकारी द्वारा 5–5 या 1010 गावों के बीच यह पैं ान बांटी जाए। इसके लिए नए कर्मचारियो को भर्ती कर लिया जाए। अब यह जो पांच करोड रुपया मनीआर्डर करवाने पर खर्च किया जाता है यह बेरोजगार नौजवानो को दिया जा सकता है। अगर ऐी कोई वयवस्था कर दी जाए तो ज्यादा उचित रहेगा।

अध्यक्ष महोदय, हमारा प्रदे ा कृशि प्रधान प्रदे ा है। कृशि के लिए पानी की जरुरत होती है और पानी भी तीन प्रकार से दिया जा सकता है। एक तो कुदरत के जरिए, दूसरे नहर के जरिए और तीसरे टयूबवैल के जरिए। पिछले अढाई सालो में बिजली उत्पादन के लिए जो पानी की व्यवस्था की जा सकी है, वास्तव में वह हमारी सरकार का सराहनीय कदम है। एक आध साल को छोडकर पिछले अढाई सालो में जितनी अच्छी बिजली हमारी सरकार ने उपलब्ध करवाई वह पहले कभी नही हुई थी।

(विघ्न्) उसका श्रेय चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी को भी जाता है बल्कि सारी सरकार को जाता है। वह श्रेय जनता को भी जाता है जिसने ऐसी सरकार को बनाया यानी इस सरकार को सत्ता में लाई। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा के लोग बडी उतावली से इंतजार कर रहे है कि एस0 वाई0 एल0 नहर का पानी उनके खेतो में कब आएगा? सभी लोग चाहते है कि उनको इस पानी का पूरा हिस्सा मिले ताकि वे अपना जीवन स्तर ऊंचा कर सकें। जिस वक्त हमने अपने पो र्न में एस0 वाई0 एल0 नहर का पानी लेने के लिए नहर बनाई थी उस समय से लेकर अब नहर बनाने का खर्च बहुत बढ गया है। मै चाहता हूं कि सरकार प्रयत्न करे कि जब से हमारी तरफ नहर बनी है तब से लेकर अब तक उकी रख रखाव का खर्चा भी केन्द्रीय सरकार वहन करे क्योंकि उसमें पानी न आने का दोश हमारा नही है। उसके लिए दोश केन्द्रीय सरकार और पंजाब सरकार का रहा है। पानी न आने की वजह से हमारे प्रदे ा के लोगो की लुटाई हुई है। अध्यक्ष महोदय, एस0 वाई0 एल0 के पानी के विशय में इंदिरा गांधी जी ने अपना एवार्ड दिया था। मै चाहता हूं कि हमारी सरकार का स्टैंड उस एवार्ड पर कायम रहना चाहिए। पाकिस्तान का जो पानी जाता था उसका सौ करोड रुपया मुआवजे के तौर पर पाकिस्तान को दे दिया था। मुझे अब भी भांका है कि जब तक थीन डैम नही बनता वह पानी पाकिस्तान को जाता रहेगा। थीन डैम भीघ्रता से बनाने के लिए हमारी सरकार को केन्द्रीय सरकार को एप्रोच करना चाहिए। थीन डैम हरियाणा प्रदे ा के लोगो के लिए, पंजाब के लोगो केलिए,

राजस्थान के लोगो के लिए यानि सारे दे ा के लोगो के लिए बहुत जरुरी है। यदि वह डैम भीघ्रता से बन जाए तो हां पर जो बिजली पैदा होगी उससे लोगो को बहुत फायदा होगा। हमें इस बात की मांग भी करनी चाहिए कि जिस समय वहां पर बिजली पैदा होगी उसका हमें पूरा हिस्सा मिलें। अध्यक्ष महोदय, आज प्र नोत्तर काल के दौरान दरियापुर कांड का जिक्र भी आया। हमारी जनता दल की सरकार के भ्रुरु भ्रुंरु में बनते ही दरियापुर कांड हुआ और वह बहुत जघन्य कांड था। दरियापुर कांड करके अपराधियो ने हरियाणा में दूशित वातावरण पैदा करने का प्रयास किया था। उस समय हिसार में अनेको लोगो की दुकाने लूटी गई। जिन लोगो ने दुकाने लुटी उनसे हमारी सरकार ने माल बरामद करके वापिस दुकानदारो को दिया। लाखों रुपए का माल दुकानदारो को वापिस दिया गया। अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने प्रदे ा के दुकानदारो और कर्मचारियो के लिए काम किया है तथा उनको कुछ राहत भी दी है लेकिन राहम देने के बावजूद भी दुकानदारो में कुछ नाराजगी है। अध्यक्ष महोदय, मै आपके द्वारा माननीय गुप्ता जी से जानना चाहूंगा कि दुकानदारो को राहत देने के बावजूद भी वे हमसे नाराज क्यों है? क्या हमसे कोई भूल हो गई है, क्या हमसे कोई गलती हो गई है? अगर कोई भूल हुई है अगर कोई गलती हुई है तो उसे हमें स्वीकार करना चाहिए। अपनी किसी भूल को या गलती को स्वीकार करना भी प्रजातंत्र की नि ाानी है।

अध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदे ा में भाांति का वातावरण बनाने के लिए चुनाव प्रणाली ठीक होनी चाहिए। हमारी केन्द्रीय सरकार चुनाव व्यवस्था को ठीक करने के बारे में विचार कर रही है। चुनावो के दौरान जिस किस्म की घटनाएं होती है, हिंसा होती है चाहे वह टोहाना के चुनाव में रीगिंग हो, चाहे तो ाम के चुनाव में गडबडी हो, चाहे भिवानी के चुनावो में हत्याएं हो और चाहै अन्य स्थानो पर इस प्रकार की घटनाएं हो सभी निन्दनीय है। ऐसी घटनाओ की कोई भी आदमी प्र ांसा नही करता निंदा करता है। मेहम के उप चुनाव में जो लोग मारे गए उसका हमें बडा अफसोस है। जिन हालात में मेहम के अन्दर हत्याएं हुई है मै उसकी निन्दा किए बगैर नही रह सकता। अध्यक्ष महोदय, मेहम के बारे में मै ज्यादा नही कहना चाहता क्योंकि यह मामला सब–जुडिस है। मेहम की घटनाओ की जांच के लिए हाई कोर्ट का एक जज नियुक्त किया हुआ है। उसकी रिपोर्ट आने पर यह पता लग जाएगा कि कौन जिम्मेवार है। वहां पर जो घटना हुई है उसकी तह में जाना होगा कि वहां पर ऐसी स्थिती क्यो पैदा हुई। अगर उसमें हमारी कोई गलती है तो उसको स्वीकार कर लेना चाहिए। अगर दूसरे लोागो ने वहां पर वह काम किया है तो हमारे इन्तजाम में कोई कमी रही होगी जिसको स्वीकार करने में हमें कोई संकोच नही करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मै यह बात भी कहना चाहूंगा कि पंजातंत्र में किसी प्रकार की हिंसा के लिए कोई स्थान नही होना चाहिए। उप चुनाव के दौरान मेहम में जो घटनाएं हुई है उनकी सभी साथियो को निंदा करनी चाहिए। अगर

प्रजातंत्र खत्म हो जाता है तो जितने साथी यहां हाउस में बैठे है वे सभी धरा ाही हो जाएंगे और उनको यहां आने के लिए स्थान नही मिल पाएगा। हमारे प्रदे ा के और दे ा के लोगो ने बडी कुर्बानी के बाद वोट का अधिकार प्राप्त किया है अगर वह खत्म हो गया तो कुछ भी नही बचेगा। चाहे वह किसी भी प्रकार की ब्रिगेड हो। चाहे वह जैली ब्रिगेड हो, चाहे ग्रीन ब्रिगेड हो और चाहे कोई लाल ब्रिगेड हो उसका मुकाबला करना चाहिए और जो लोग उनका मुकाबला करते है हमें उनकी सराहना करनी चाहिए।

11:00 बजे

अध्यक्ष महोदय, गुप्ता जी ने अपने कर्मचारियों को बोनस दे कर एक बहुत ही अच्छी बात की है। यह भी ठीक किया है कि उनका यह पैसा उनके भविश्य निधि खाते में जमा हो जायेगा। इसी प्रकार से सरकार ने यह भी कर्मचारियों के लिए एक अच्छा कदम उठाया है कि जिन कर्मचारियो की सेवा अवधि 10–10 साल या 20–20 साल हो जाती थी और उनकी प्रमो ान नही होती थी उनको भी अब ऐडवांस इन्क्रीमैंट वगैरा मिलेगी। सरकार ने कर्मचारियो के लिए ये दोनो बहुत ही अच्छे कदम उठाये है।

अध्यक्ष महोदय, हमारे यहां ि ाक्षा का स्तर बहुत नीचे गिर रहा है। ि ाक्षा के बारेम मे ंतो हमारे यहां स्कूलो की यह हालत है कि इन स्कूलो की हालत एक धर्म ाला से भी बदतर है। इस बारे मे सभी पार्टियो और प्रदे ा के लोगो को राजनीतिक

स्तर से उपर उठकर काम करना होगा और ि ाक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रयत्न करना होगा। आज कई लोगा कहते है कि राजनीतिक संकट हैं। इस बारे में चौधरी चरण सिंह जी कहा करते थे कि दे ा में या प्रदे ा में राजनीतिक संकट नही हुआ करते बल्कि संकट होता है नैतिकता की कमी का, आचरण की कमी का और मनुश्य के चरित्र का। अगर गलत तत्व राज सत्ता में आ जाएंगो तो कोई भी दे ा या समाज अधिक देर तक टिका नही रह सकता इसलिए सरकार को कोि ा ा करनी चाहिए कि लोगो में नैतिकता की भावना आए और उनका चरित्र ठीक बने।

अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने घोशणा की है कि इस साल के अंत तक प्रदे ा के सभी गावों के लोगो के लिए पीने के पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा। ऐसा होने पर हरियाणा प्रदे ा पहला प्रदे ा होगा जिसमें हरएक गांव में पीने का पानी लोगो तक पहुंचेगा। इस बात के लिए मै सरकार को बधाई देता हूं।

अध्यक्ष महोदय, हमारे जनता दल की हाई कमांड भी बधाई की पात्र है कि उसे मेहम काउप चुनाव नए सिरे से करवाने की मांग की। सरकार इस बा के लिए भी बधाई की पात्र है कि उसने मेहम की घटना की न्यायिक जांच के आदे ा दिए है। मै यह भी कहना चहूंगा कि इलैक ान कमी ान ने जो हिदायते मेहम के उप चुनाव के संबंध में जारी की है उनकी पूरी तरह से सरकार पालना करे ओर जो भी दोशी अधिकारी हो, चाहे वह

कितना ही बडा क्यो न हो और चाहे वह पुलिस का ही अधिकारी क्यों न हो, उसके खिलाफ सख्त से सख्त एक ान लें। इसके साथ साथ सरकार को प्र ाासनिक स्तर पर या दूसरे स्तर पर जिन लोगो ने वहां पर गडबड फैलाई है उन सब के खिलाफ ऐक ान लेना चाहिए और ऐक ान लेकर जनता में अपना पुनः वि वास पैदा करना चाहिए। हमारी जनतांत्रिक सरकार है। जनतंत्र में लोगो की इच्छा के अनुरुप ही काम किया जाता है। इस कलंक को हमारी सरकार को धोना चाहिए ताकि यह पार्टी और सरकार इस प्रदे ा के लिए एक अच्छी मिसाल साबित हो सके। मै आ ाा करता हूं कि हमारी पार्टी और सरकार इस कलंक को धोएगी। जिस प्रकार से चौधरी देवी लाल जी ने बहादुरी से न्याय युद्ध लडते हुए दे ा और प्रदे ा को नया रास्ता दिखाया है उसी रास्ते पर यह सरकार भी जाएगी और लोगो में अपना वि वास पैदा करेगी।

अध्यक्ष महोदय, कल गुप्ता जी ने एक सवाल का जवाब देते हुए बताया था कि किसी प्रदे ा को गाडगिल फार्मुले के तहत उस प्रदे ा की योजना के लिए सहायता दी जाती है। अध्यक्ष महोदय, अपने प्रदे ा के अने मुख्य मंत्री रह चुके है। सभी यह कहते है कि आज केन्द्र में श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधान मंत्री है और मै मंत्री हु इसलिए श्रीमती इंदिरा गांधी से मै प्रदे ा के लिए पैसा ला रहा हूं। इसी प्रकार से कभी राजीव गांधी का नाम लेकर पैसा लाया जाता था। इस बारे में म ैअब यह चाहता हूं कि हमारी

सरकार को ऐसी कोई गलत बात नही कहनी चाहिए। इसलिए हमारी सरकार को गाडगिल फामूर्ले के जरिए या किसी दूसरे फार्मूले के जरिए केन्द्र सरकार से प्रदे ा के लिए अधिक से अधिक पैसा लाना चाहिए ताकि यह पैसा प्रदे ा की डिवलैपमैंट के कामो पर खर्च हो सके। अध्यक्ष महोदय, जब तक प्रदे ा में बजट की ठीक व्यवस्था नही हेागी और पैसे की कमी होगी तब तक डिवैलपमैंटका काम नही हो सकता। अध्यक्ष महोदय, मै यह भी कहना चाहता हूं कि पिछले दिनो कन्साईनमैंट टैक्स की बात भी चली थी। उस वक्त की केन्द्र सरकार ने संविधान में सं ाोधन नही किया था लेकिन अब तो केन्द्र में हमारी पार्टी की सरकार है। इसलिए अब इस मामले को फिर से केन्द्र सरकार के साथ उठाना चाहिए ताकि टैक्स का पैसा स्टेट को मिल पाए और उस पैसे से प्रदे ा की डिवैल्पमैंट का काम हो सके, प्रगति के काम हो सके। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही मै आपके सामने प्रार्थना करना चाहूंगा कि मेहमकी चर्चा बार बार उठती है औम महम के बारे में यह खबर भी है कि वहां पर पुलिस में असंतोश रहा। अध्यक्ष महोदय, जिन पुलिस कर्मचारियो को मेहम में चुनाव की डयूटी पर भेजा गया, वहां पर उनके खाने पीने, रहन सहन का किसी भी प्रकार का कोई इन्तजाम नही किया जा सका तथा उनको अपनी नौकरी के बारे में भी काफी बेचैनी है, तकलीफ है। यदि कोई एच0 ए0 पी0 का टैस्ट पास कर ले तो उसकी उसी वक्त प्रमोट कर दिया जाता है जब कि पुलिस में 8 या 10 साल के बाद प्रमो ान होती है। यदि एच0 ए0 पी0 से ट्रांसफर हो कर कोई

हरियाणा पुलिस में आ जाता है तो 1–2 साल की सर्विस वाला 8–10 साल की सर्विस वाले से सीनियर हो जाता है। इस कारण से पुलिस में रैंजिमैन्ट है। एक बडे अफसर और छोटे कर्मचारी कान्सटेबल के वेतन में भी बहुत अन्तर है। जब तक उनकी तकलीफ को दूर नही किया जात, उनके पे स्केलज् को बैटर नही बनाया जाता, जब तक उनमें रिजैंटमैंट तो होगी ही। हम उनके दुख दर्द को दूर नही कर पाये जिस कारण उनमें बेचैनी है। अध्यक्ष महोदय, यह बात भी हमें माननी पडेगी कि कोई भी प्रजातंत्रीय दे ा या राज्य ज्यादा अर्से तक पुलिस के सहारे राज नही कर सकता। इस दौरान जिन अधिकारियों ने कोताही की है, गलती की है या बदमा ाी की है उनको किसी भी प्रकार से बख्भाना नही चाहिए ताकि दे ा के लोगो को और मेहत के लोगो को लगे कि सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही कर रही है।

अध्यक्ष महोदय, दूसरी बात मै टीचर्ज ट्रेनिंग के बारे में कहना चाहता हूं। सरकार ने कई जगह पर टीचर्ज ट्रेनिंग भ्ाुरु कर रखी है। टीचर्ज ट्रेनिंग संस्थानो में 5–6 महीने से तन्ख्वाह नही मिल रही है, उनको तनख्वाह समय पर मिलती चाहिए। अध्यक्ष महोदय, प्रौढ ि ाक्षा के लिए जो लोग काम करते थे वे सुप्रीमकोर्ट के फैसले के बावजूद भी आर्थिक संकट में है। क्योकि अब उनकी नौकरियां खत्म कर दी गई है। इन लोगो में बहुत से लोग ऐसे थे जो 10–12 साल से प्रौढ ि ाक्षा के काम कर रहे थे। इस बारे में मै अर्ज करना चाहूंगा कि जो लोग कन्डी ांज

पूरी करते है ऐसे व्यक्तियो की छुटटी करने की बजाय उनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए।

श्री अध्यक्षः आर्य साहब, अब आप वाईंड अप करिये।

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, एक–दो मिनट में मुझे कुछ आव यक बातें कहनी है। अध्यक्ष महोदय, मै यह चाहूंगा कि सरकार के प्र ाासनिक खर्च में जो इतना पैसा खर्च किया जा रहा है उसे कम किया जाए। आए0 ए0 एस0 और आई0 पी0 एस0 अधिकारियो की संख्या में कमी करनी चाहिए। यू0 पी0 स्टेट हरियाणा से करीब छः गुणा बडा है लेकिन यू0 पी0 और हरियाणा के आई0 ए0 एस0 ओर आई0 पी0 एस0 अधिकारियो की संख्या लगभग बराबर है। इन अधिकारियो की संख्या कम की जानी चाहिए वरना स्टेट का खर्च बहुत ही ज्यादा होगा। इनकी संख्या को कम करने के लिए सरकार को चाहे कोई आयोग ही क्यो न नियुक्त करना पडे लेकिन इनकी संख्या को कम करके सेव हुए पैसे को सरकार डिवैल्पमैट पर खर्च करे ताकि स्टेट का विकास हो सके।

श्री अध्यक्षः आर्य जी, आपने काफी समय ले लिया है इसलिए अब आप बैठें।

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, मै अभी खत्म कर रहा हू। हमारे उप–मुख्य मंत्री था फाइनैंस मिनिस्टर साहब ने जो बजट पे ा किया है उसमें पैसे की व्यवस्था की गई है। मै चाहूंगा

कि चाहे सचिवालय बनाना हो, चाहे टेल पर पानी पहुंचाने का मामला हो, चाहे सतनाली में बस स्टैण्ड बनाने की बात हो, चाहे लोहारु में वूलन मिल लगाने की बात है, इसी बजट में से इनके लिए पैसा खर्च किया जाए। (विघ्न्) अध्यक्ष महोदय, इन भाब्दो के साथ मै गुप्ता जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होने कोई टैक्स नही लगाया है और भविश्य में भी हम उनसे आ ाा करते है कि वे कोई टैक्स नही लगाएंगे। इन भाब्दो के साथ मै बजट का समर्थन करते हुए आपका धन्यवाद करता हूं क्योकि मुझे बोलने के लिए समय दिया।

श्रीमती सुशमा स्वराज (अम्बाला छावनी): अध्यक्ष जी, सदन में बजट पर चर्चा चल रही है। सब से पहले मै हरियाणा के उप–मुख्य मंत्री और जो यहां के वित्त मंत्री भी है उन्हे सदन में कर रहित बजट प्रस्तुत करने के लिए ह्रद्य से बधाई देती हू। मार्च के पहले सप्ताह से नागरिको में भय व्यापत हो जाता है कि इस महीने से उनके घर का खर्चा बढ जायेगा क्योकि केन्द्रीय सरकार और प्रान्तीय सरकार अपने बजट में नये कर लगायेगी। बैठे बैठाए ही उनकी आमदनी कम हो जायेगी।

(इस समय सभापतियो की सूची के एक सदस्य, श्री कि ान सिंह सांगवान, पदासीन हुए)

सभापति जी, कल हमारे वित्त मंत्री जी ने कर रहित बजट प्रस्तुत करके हरियाणा के नागरिको को राहत दी है और

उन्हे भयमुक्त किया है यह कह कर कि मै इस बजट में कोई कर प्रस्तावित नही कर रहा हूं। इसलिए मै उन्हे पुनः बधाई देती हू। सभापति जी, परम्परा यह रही है कि बजट प्रस्तुत करने के बाद एक या दो दिन का अन्तर दे कर उस पर चर्चा भाुरु हो जाती है और ऐसी होना भी चाहिए क्योकि केवल बजट वक्तव्य ही हमको नही दिया जात उसके साथ बजट के वयाख्यात्मक दस्तावेज भी दिये जाते है। अगर आप बजट पर कोई सार्थन चर्चा करवाना चाहते है तो यह आव यक है कि उन दस्तावेजो का अध्ययन करने के बाद हम लोग चर्चा भाुरु करे। अब बीस किलो का भार हम लोगो को दिया गया है, बजट का वयाख्यात्मक ज्ञापन, उसके साथ अनुपूरक अनुदान मांगो का ब्यौरा यानी तमाम चीजे दे दी है और साथ ही सीमा बांध दी है कि दस मिनट उन तमाम बातो पर चर्चा करिए, जो कुछ कहना है वह कहिए। अब यह गागर में सागर भरने वाली बात है। यह तो किसी किसी की कैपेसिटी हो सकती है भाायद गुप्ता जी की हो सकती है, हम लोगो की नही है। आज का यह अन्तर हमें सहज और स्वाभाविक रुप से मिल रहा था क्योकि वीरवार होने के नाते आज गैर–सरकारी दिन था। आज के दिन गैर–सरकारी संकल्प हो जाता और हम लोग आज के दिन बजट को पढ लेते, कल आ कर चर्चा भाुरु कर देते। यही कारण था कि जब बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट हाउस में पे ा हुई थी, मैने यह रिक्वैस्ट की थी कि यह दिन हमारे लिए गैर–सरकारी रहने दिया जाये ताकि हम बजट को पढ कर चर्चा कर सके लेकिन उसे माना नही गया। मुझे समझ में नही आत कि

वजह क्या है, समय की कोइ कमी तो दिखती नही। 20 तारीख से 28 तारीख तक आप लोगो ने छुटटी डिक्लेअर की है और फिर 29 तारीख को सै ान बुलाया है। अगर दो दिन और बहस चल जाती तो ज्यादा प्रभावी और ज्यादा सार्थक बहस हम लोग कर सकते थे। आज हम बहस करते समय केवल उप–मुख्य मंत्री जी के वक्तव्य को आधार बना सकते है बाकी कोई दस्तावेज पढने का हम लोगो को समय नही मिला। इसी बजट स्पीच को आधार बना कर मै अपने विचार बजट पर सदन में रख रही हूं। उप–मुख्य मंत्री महोदय जरा ध्यान देंगे। मै उन्हे मुखातिब करके एक बात कहना चाहती हूं क्योकि आप हिन्दी के बहुत पंडित है, हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष भी रह चुके है, और हिन्दी पर आपको अधिकार भी हासिल है। आप देखे की बजट स्पीच के पहले ही पृश्ठ पर जहां आपने चौधरी औम प्रका ा चौटाला का स्वागत करते हुए कहा कि अपनी राजनैतिक परिपक्वता, संगठनात्मक योग्यता के लिए प्रसिद्ध है वहां अपने यह भी कहा कि वे हरियाणा विकास के बारे उद्विग्नता के लिए भली भांति जाने जाते है। उद्विग्नता भाब्द के बारे में गुप्ता जी जानते है कि यह कभी अच्छे मायने में इस्तेमाल नही किया जाता। लोग कहते है कि खामख्वाह ही क्यो उद्विग्न हो रहा है। फिर मैने अंग्रेजी स्पीच को उठाया क्योंकि मुझे यह मालुम है कि यहां पहले अंग्रेंजी में स्पीच बनती है फिर उसका तरजमा किया जाता है। मैने देखा कि कौन से भाब्द का तरजमा अंग्रेजी से हिन्दी मे किया है। उसमें लिखा था कंसर्न फार हरियाणा डिवलैपमैंट। अब कंसर्न भाब्द का उद्विग्नता अर्थ

बनता है यह मुझे मालूम नही। मेरे विचारानुसार तो इसको चिंता भाब्द कहा जा सकता है। यह कहा जा सकता है कि हरियाणा के विकास के लिए ये चिन्तित है, विख्यात है। अगर कोई व्यक्ति ज्यादा ही आगे बढना चाहता है तो व्याकुलता भाब्द इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन उद्विग्नता भाब्द ठीक नही बैठता। मुझे हैरानी है कि गुप्ता जी ने पढते हुए इसे क्यो नही काटा? हो सकता है कि ये भी उनकी कार्य ौली को उद्विग्न मानते हों। इसलिए इन्होने उद्विग्नता भाब्द को ही रखा हो वरना यह भाब्द इसमें अखरता है।

इसके बाद गुप्ता जी मुझे एक और बात आपसे कहनी है। हमारे उप मुख्य मंत्री जी ने जो सं ाोधित वार्शिक योजना रखी है उसके दो आंकडे काफी दुखदायी है। हमारी जो टोटल सातवीं पंचवर्शीय योजना है उसमें 2900 करोड रुपये के परिव्यय का प्रावधान किया गया था। इसमें से हमने केवल 2567 करेाड रुपए ही खर्च करने की सम्भावना व्यक्त की है। यानि इसमें हमने तीन–सवा तीन सौ करोड रुपए की कमी की है। यह बात ठीक है कि उस पंचवर्शीय योजना की पूरी की पूरी जिम्मेवारी तो यह सरकार नही ले सकती क्योंकि उसके पहले के दो वर्श के खर्च दूसरी सरकार कर गयी थी लेकिन उससे भी ज्यादा दुखदायी आंकडे चालू वर्श के है जिनकी सीधी–सीधी जिम्मेवारी हमारी वर्तमान सरकार पर आती है। 676 करोड रुपये का योजना परिव्यय इसमें रखा गया था लेकिन उसको भी घटा कर 596.69 करोड

रुपया कर दिया है। यह साढेग्यारह परसैंट की कटौती है। एक आध परसैंट की कटौती हो तो लोग सोच लेते है कि चलो ठीक है, उसके अनदेखा किया जा सकता है। जब हम अन्दर ि ार्शक पढते है सं ाोधित वार्शिक योजना कातो आम तौर पर दिमाग में यह बात आती ह कि सं ाोधन करके कुछ पैसा बढाया गया होगा। इसलिए इसमें सं ाोधन किया गया होगा ताकि विकास के कार्यो पर कुछ ज्यादा पैसा खर्चा हो सके। लेकिन दोनो आंकडे घाटे के आंकडे है। यहा पर पैसा घटाया गया है। 676 करोड रुपये पर साढे ग्यारह परसैंट की कटौती की गई है और टोटल सातवीं पंचवर्शीय योजना में भी 333 करोड रुपए की कटौती की गई है। इससे विकास के कार्यो की झलक मिलती है कि पूरे वर्श में इसमें कमी आई है। यह कोई अच्छी बात नही है हालांकि गवर्नमैंट के कई कंस्ट्रेटस रहे है। मै उनको ऐप्रीि ाियेट करती हूॅ। गवर्नमैट के उन कंस्ट्रेटस को देखते हुए कि चौथे वेतन आयोग की सिफारि ाो को मानना पडा, सुप्रीम कोर्ट के कुछ एसे निर्णय आ गए, जिनकी वजह से कुछ अनऐन्टीसिपेटिड एक्सपैंडिचर हो गया और उनको देना पडा। मै समझती हूं कि गुप्ता जी जवाब देते हुए यह कहेंगे कि इसमें काफी से ज्यादा भागीदारी सुशमा जी आपकी रही है क्योंकि तब आप ि ाक्षा मंत्री थी। मै समझती हूं कि यह ठीक है कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद हमें अध्यापको को पैसा देना पडा, लेकिन इन तमाम चीजो के बावजूद अगर हम वित्तीय अनु ाासन के हिसाब से थोडा सा देख लेते तो अच्छा होता। इससे जो विकास के कार्यो की कमी की झलक आती

है, यह कोई अच्छी बात नही है। उप मुख्य मंत्री जी, मै एक बात और आपसे कहूंगी जिसका मुझे काफी दुख है। आप पृश्ठ 4 पर देखिण जहां वार्शिक योजना का जिक आता है वहां पर बीच में एक लाईन लिखी है कि अप्रैल, 90 से हम आठवीं पंचवर्शीय योजना 1990–95 में प्रवे ा करेंगे। यह पढ कर मझे दुख हुआ कि इस योजना अवधि के दौरान अपनाई जाने वाली कार्य–नीति और दृश्टीकोण को अभी कोई अंतिम रुप नही दिया गया है। मै यह कहती हूं कि यह बात गलत है। राजनीतिक दल तो अपनी नीतियो और दृश्टीकोण को उसी दिन अंतिम रुप दे देते है जब वह अपना इलैक ान मैनीफैस्टो डिक्लेयर करते हैं। उन नीतियो और दृश्टीकोण को झलकाने वाली योजनाओ को अगर अंतिम रुप नही दिया गया तो यह बात तो मानी जा सकती है कि हमारी योजनाए अभी बननी है लेकिन यदि हमारी नीति ही स्पश्ट नही है या हमारा दृश्टीकोण साफ नही है यह बात ठीक नही है। ऐसी बात बजट वक्तव्य में आये, यह कोई अच्छी बात नही है, यह बात ठीक नही है। नीतियो और दृश्टीकोण के बारे में तो जब हम लोग चुनाव के अखाडे में उतरे थे, उसी दिन स्पश्ट कर दिया था। हमारी नीतियो और दृश्टीकोण को जनता ने पसंद किया था तभी तो उसने आपको सत्ता के आसन पर बैठाया था। हमने अपनी नीतियो और दृश्टीकोण मंचो पर गाया और महारानियो की तरह से भाया था। जनता से उसको जोडा था। तभी हम मैम्बर बने थे। हमारे मुख्य मंत्री बदले है। उसी दल की सरकार है। उसी दल के विधायक है। दल के नेता बदल गये है यह दूसरी बात है। उसी दल की

कार्य ौली है, उसी दल की कार्य प्रणाली है। उसी दल की नीतियां है। उसी दल का दृश्टीकोण है। गवर्नमैंटके नेता बदलने से प्रगति के कामो में गति बदल सकती है। कम या ज्यादा हो सकती है लेकिन बजट वकवतय में यह कहना कि हमारी नीति और दुश्टीकोण को अभी अंतिम रुप नही दिया गया, यह ठीक बात नही है। हमारी नीति बडी स्पश्ट है, हमारा दृश्टीकोण बडा साफ है। हां इनको झलकाने वाली योजनाओ को जो आगामी पांच वर्शो में कौन सी बनेगी, नैचुरली उसको अभी अंतिम रुप नही दिया जा सकता। वह साथ साथ चलेगी। बदली भी जाएगी। इस तरह से उसको अगर आप कहते तो भाायद ज्यादा अच्छा लगता। जिस तरह से यहां पर कहा गया है, यह बहुत अच्छा नही लगता। एक बात उप मुख्य मंत्री जी ने अपनी स्पीच में यह कही है कि इन्होने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि सितम्बर 1990 तक हरियाणा प्रान्त के हर गांव को नल द्वारा पेय जल की सुविधा उपलब्ध करवायी जायेगी। आपने आगे यह कहा है कि मुझे यह बताते हुए हर्श है कि इस दि ाा में कार्य पूरे जोर– ाोर से आरम्भ किया जा चुका है। यह बात पढकर अच्छी लगी लेकिन गुप्ता जी आपने जो आंकडे दिखाए है उनसे पूरे जोर– ाोर वाली बात नही लगती। उन आंकडो द्वारा बताया गया है कि वर्श 1989–90 के दौरान 400 समस्याग्रस्त गावों को भाुद्ध पेयजल उपलब्ध करने के लक्ष्य के विरुद्ध जनवरी, 1990 तक केवल 260 समस्यग्रस्त गावो को पेयजल उपलब्ध करवाया गया है। सभापति महोदय, वर्श 1989–90 में चार सौ समस्याग्रस्त गावों को पानी देने का लक्ष्य था लेकिन जनवरी,

1990 तक केवल 260 गावों को पेयजल उपलब्ध करवाया गया है। आपको मालूम है कि वित्त वर्श 1 अप्रैल से आरम्भ होता है और 31 मार्च को खत्म हो जाता है। आपने जनवरी तक के आंकडे दिए है। इसका मतलब यह है कि दस महिनो मे आपने 260 गावों को पानी दिया है। साल खत्म होने में केवल दो मास बाकी है। इसका मतलब यह है कि आपने एक मास में 26 गावों को पानी सप्लाई किया और आगे दो महीनो में 140 गावों को कवर करना है। इसका मतलब यह है कि मास में 70 गावों को आप कवर करेंगे। मुझे इस बात का दुख है कि आप यहां क्या लिख रहे है। और ये कैसे कवर होंगे? अब तक एक मास में 26 गावों को ही पानी दे पाए और अब एक मास में 70 गावों को पानी देंगे, यह कैसे हो पाएगा। आप सारे पैरा को पढ लें। सारे के सारे आंकडो को देखें। मुझे भाक है कि 33 परसैंट की जो कमी है जो 33 परसैन्ट का लक्ष्य बाकी रहता है उसको दो महीने में कैसे पूरा करेंगे? सभापति महोदय, आगे देखिए। राश्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक लाख आपरे ानो के वार्शिक लक्ष्य के मुकाबले जनवरी, 1990 तक केवल 67227 आपरे ान कये गए है। सभापति महोदय, इस महीनो में केवल 67 परसैंट लक्ष्य पूरा हुआ है और बाकी 33 परसैंट फरवरी और मार्च में पूरा करने का प्रोग्राम है। मुझे भाक है कि दो महीने में यह कैसे पूरा होगा? गन्दी बस्ती उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्श के दौरान 36666 व्यक्तियो के लक्ष्य के मूकाबले कुल 27309 व्यक्तियो को लाभ पहुंचा है। अगले दो महीनो में यानी फरवरी और मार्च में 9357 व्यक्ताये को लाभ

पहुंचाना है इसका मतलब यह हुआ कि एक महीने में लगभग 2730 व्यक्तियो को इस स्कीम का लाभ पहुंचा और अब आप एक महीने में 4600 व्यक्तियो को इस स्कीम का लाभ पहुंचाना चाहते हैं। यह लक्ष्य कैसे पुरा होगा? यह बात समझ में नही आती। सभापति महोदय, अब आप वानिकी कार्यकम को देखिए। इसके अन्तर्गत 1988–89 में 5 करोड 50 लाख वृक्ष लगाने थे लेकिन आपने जनवरी 1990 तक 4 करोड 32 लाख वृक्ष लगाए है और अभी एक करोड 18 लाख पेड लगाने बाकी है। इसका मतलब है कि 43 लाख 32 हजार पेड हर महीने लगाए और अब हर महीने 59 लाख पेड लगाने पडेंगे तभी लक्ष्य पूरा होगा। यह हो पाएगा या नही यह नही कहा जा सकता। बायोगैस संयंत्र लगाने का पूरे साल का लक्ष्य 2000 था लेकिन इस महीने में 1349 बायोगैस संयंत्र लगाए गए। 651 बायोगैस संयंत्र दो महीने में लगाने है। पहले हर महीने 135 बायोगैस संयंत्र लगाए गए लेकिन अब 325 बायोगैस संयंत्र हर महीने लगाने पडेंगे। इसी तरह से बीस सूत्रीय कार्यकम के अन्तर्गत गरीब परिवारो की जो भलाई करनी थी उसका लक्ष्य वर्श 1988–89 में 56326 रखा गया था लेकिन उस लक्ष्य के विरुद्ध जनवरी, 1990 तक 52079 परिवारो को सहायता प्रदान की गई है। सभापति जी इसका मतलब यह है कि गरीबी उन्मूलन कार्यकमो के अन्तर्गत प्रति माह 5208 परिवारो की सहायता की और अगले दो महीने में 4244 परिवारो की सहायता करनी है और एक महीने में 2122 परिवारो की सहायता करनी है। सभापति जी, हमे इस प्रकार से काम करने की प्रवृति को बदलना होगा। यह नही होना चाहिए

कि दस महीने में तो चींटी की चाल से काम लिया जाए और जो अंत में दो महीने रह जांए उसमें तेज चाल से काम किया जाए। अधिकारियों की इस प्रवृति को रोकना पडेगा। इन दो महीनो में अन्धाधुंध खर्चा किया जाता है। सारे के सारे टैन्डर्ज इन दो महीनो में मांगे जाते है। सारा रुपया खर्च करने की मनोवृति इन दो महीनो में होती है। क्योंकि दो महीनो के बाद ग्रांट लैप्स हो जाती है। घटिया माल खरीदा जाता है। इन दिनो में आपाधापी होती है। माल खरीदने के मामले में और काम करने के मामले मे जो नियम हैं उनमें ढील दी जाती है और कई नियम नजरअन्दाज किए जाते है। ऐसा करने का कारण केवल यह होता है कि कही ग्रान्ट लैप्स न हो जाए। अधिकारियों को डर रहता है कि ग्रांट लैप्स होने से उनकी बदनामी होगी। सभापति जी, मेरा कहना यह है कि इस प्रवृति को रोकना पडेगा, यह परम्परा बदलनी पडेगी। कहा जाता है कि जब कोई योजना आरम्भ होती है तो उसके तीसरे या चौथे महीने ग्रांट आती है। हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जैसे ही कोई योजना मंजूर हो उसके लिए धनरा ि ा उसी समय उपलब्ध करा देनी चाहिए। हमें कायदे कानून के अनुसार काम करना चाहिए। कायदे कानून के अनुसार काम करने से संतुश्टि होती है। यह नही होना चाहिए कि पहले दस महीने मे तो 66 परसैंट काम किया जाए और आखिरी दो महीनो में 33 परसैंट काम किया जाए। इस प्रवति को हमें रोकना है तभी काम ठीक ढंग से हो सकेगा।

श्री सभापतिः आपके बोलते हुए चौदह मिनट हो गए है। अब आप बैठिए।

श्रीमती सुशमा स्वराजः अभी तो मैने छः पृश्ठ ही पढे है। इसके तो 39 पुश्ठ है।

श्री सूरजभानः सभापति जी, एक ही रात में यह हालत है अगर दो दिन दे देते तो पता नही क्या होता।

श्रीमती सुशमा स्वराजः सभापति महोदय, जहां तक एस0 वाई0 एल0 का सवाल है इस बारे में उप मुख्य मंत्री महोदय ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने की गति में तेजी आएगी। मुझे इसमें कोई सन्देह नही है, बिल्कुल तेजी आनी चाहिए और पहले केन्द्र सरकार की ओर से इस कार्य के लिए जो अडचनें आती थी, वे अब बिल्कुल समाप्त हो गयी है। अब केन्द्र में हमारी सरकार विराजमान है। लेकिन गुप्ता जी मै केवल एक वायदा आपको याद दिलाना चाहती हूं। पिछले सत्र में सिंचाई तथा बिजली मंत्री महोदय से हमने एक बात कही थी और उन्होने क्वै चन आवर में एक प्र न के जवाब में कहा था कि वे नौ बार एस0 वाई0 एल0 नहर देख कर आए है। हमने कहा था कि आप नौ बार इस नहर को देखकर आए है तो कम से कम हमारी इस 90 विधायको की टीम को वहां पर ले चलिए ताकि सभी विधायक अपनी आंख से देख लें कि वह काम कितनी गति से चल रहा है। कितनी तरक्की इस काम में है। इस पर उन्होने सदन में यह

आ वासन दिया था कि हां जरुर ले जाएंगे। (विघ्न्) इसलिए मै उप मुख्य मंत्री महोदय से कहूंगी कि सरकार अपना वायदा निभाये और इन सभी 90 के 90 एम0 एल0 एज0 को वहां नहर का काम दिखाने के लिए ले जाएं ताकि हम अपनी आंख से देख सके कि उस काम में कितनी तरक्की और प्रगति हो गयी है।

सभापति महोदय, पेज 12 पर इन्होने लिखा है कि किसानो के खेतो के साथ साथ लगे वृक्षो से होने वाली आय का आधा हिस्सा उन्हे देने के लिए आगे भी सरकार वचनबद्ध है। आगे की वचनबद्धता पर तो मै प्र न चिन्ह् नही लगा रही हूं लेकिन मै इतना अव य कहना चाहूंगी कि अब तक इस तरह का कितना पैसा किसानो में बांटा जा चुका है यह वे बता दें। यह स्कीम हमारी सरकार की सबसे उच्चतम स्कीमो में से एक थी कि सडक के साथ लगने वाले वृक्ष जब बेंचे जाएंगे तो उसकी आधी आमदनी किसानो को दी जाएगी। इसलिए मै यह जरुर जानना चाहता हूं कि बेचें गए वृक्षो में कितनी आय हुई और उसका कितना हिस्सा किसानो को बांटा गया और कितने किसान इससे लाभान्वित हुए?

सभापति महोदय, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मंत्री जी यहां पर बैठे हुए है। मै आपके माध्यम से उनसे एक बात अव य जानना चाहूंगी। जब अनुपूरक अनुमानो को दूसरी किस्त सदन में रखी गई थी तो उस समय उपभोक्ता संरक्षण के लिए राज्य आयोग एवं जिला फोरम बनाने के लिए 60.65 हजार रुपया मांगा गया था। यह एक बहुत राहत देने वाला काम है जोकि हरियाणा

